## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- आज नई दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी जारी करेगी अपना घोषणा पत्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रहेंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा–राज्य में इंडी गठबंधन की है बेहद मजबूत स्थिति, सभी दलों की सहमति से होगी प्रत्याशियों की घोषणा।
- देश आज मना रहा है भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की एक सौ चौंतीसवीं जयंती, संसद भवन परिसर में होगा मुख्य समारोह।
- राज्य में रामनवमी को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा की व्यापक तैयारियों पर की बैठक, छह संवेदनशील जिलों में विशेष एहतियात बरतने का दिया निर्देश।
- मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में वज्रपात के साथ बारिश होने की जताई संभावना, कल से रहेगा मौसम शुष्क, बढ़ेगा तापमान।

*******************

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। पार्टी ने इसे संकल्प पत्र नाम दिया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में यह संकल्प पत्र जारी किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे।

*******************

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 और उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में गुजरात के लिए चार, हिमाचल प्रदेश के लिए दो, चंडीगढ़ के लिए एक तथा ओडिशा के लिए नौ उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। कांग्रेस के संसद सदस्यु मनीष तिवारी चंडीगढ सीट से चुनाव लडेंगे। हिमाचल प्रदेश में मंत्री श्री विक्रमादित्य सिंह मंडी सीट पर भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत को टक्कर देंगे। पूर्व केन्द्री य मंत्री श्रीकांत जैना ओडिशा के बालासोर से उम्मीनदवार होंगे। पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इन सभी उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस ने गुजरात में विधानसभा के उपचुनाव के लिए भी चार उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं।

*******************

प्रधानमंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं वे दोपहर बाद मैसूर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम को श्री मोदी मंगलुरु में एक रोड शो भी करेंगे। मैसूर में जनसभा के दौरान मैसूर, मांड्या, चामराजनगर और हसन लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ता तथा नेता भाग लेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो श्री नारायण गुरु क्षेत्र से लेकर नवभारत क्षेत्र तक आयोजित किया जाएगा। जनता की सुविधा और सुरक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन ने यातायात के मार्गों में बदलाव किया है।

*******************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल चार दिवसीय दौरे पर अपने गृह क्षेत्र सरायकेला–खरसांवा पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में इंडी गठबंधन काफी मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर झामुमो गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी। मुख्यमंत्री ने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के सवाल पर कहा कि सभी दलों की सहमति से ही लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी।

*******************

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुख्य समारोह संसद भवन परिसर में होगा जहां बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब आम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे, जिन्होंने एक न्यायविद, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनेता के रूप में देश और समाज के लिए असाधारण योगदान दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भी संवैधानिक व्यवस्था में उनका भरपूर विश्वास ही भारतीय लोकतंत्र और सुशासन की नींव है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने देशवासियों से डॉक्टंर अम्बेडकर के आदर्शों और उनके कार्यों को समेकित रूप से अपनाने की अपील की ताकि देश का समावेशी विकास हो सके।

*******************

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक हजार की आबादी पर एक चिकित्सक होना चाहिए, लेकिन पलामू जिले में स्थिति इसके विपरीत है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

रामनवमी के मदेनजर राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर कल प्रशासन की ओर से प्रोजेक्ट भवन में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अजय कुमार ने की। इस दौरान समीक्षा बैठक में कई दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में कहा गया कि राज्य के छह संवेदनशील जिले रांची , हजारीबाग, गिरिडीह, लोहरदगा, पलामू और जमशेदपुर में प्रशासन की ओर से विशेष चौकसी की जायेगी। इस दौरान शोभायात्रा की वीडियोग्राफी की जाएगी और ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जायेगी। इसके अलावा बैठक में आपातकालीन योजना, पुलिस और मजिस्ट्रेट की तैनाती, शांति समितियों के साथ बैठक और शांति व्यवस्था से संबंधित अन्य बातों पर चर्चा की गई।

*******************

गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार निशिकांत दुबे को देवघर पुलिस ने नोटिस भेज कर 19 अप्रैल की सुबह साढ़े दस बजे पूछताछ  में सहयोग के लिए मोहनपुर थाना बुलाया है। इस नोटिस के अनुसार सांसद निशिकांत दुबे मोहनपुर थाना कांड संख्या 281–23 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त हैं। मालूम हो कि मोहनपुर इलाके के एक पशु व्यापारी ने सांसद निशिकांत दुबे पर यह प्राथमिकी वर्ष 2023 में दर्ज कराया था।

*******************

देवघर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर, कल देर शाम मोहनपुर थाना क्षेत्र के बलथर मोड़ के पास एक दुकान से दो सौ ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ और बड़ी मात्रा में देशी और विदेशी शराब जब्त किया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर दुकानदार को गिरफतार करने के लिए छोपमारी कर रही है।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार आज रांची सहित राज्य के मध्य और दक्षिणी भाग में वज्रपात और गरज के साथ बारिश की संभावना है। वहीं राज्य के शेष हिस्सों में तापमान सामान्य रहेगा। विभाग के अनुसार कल से राज्य के लगभग सभी क्षेत्रों में बादल साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। इससे तापमान में बढ़ोतरी होगी और गर्मी बढ़ेगी। पूर्वानुमान के अनुसार रांची का अधिकतम तापमान 37 डिग्री से बढ़कर 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारी से जुड़ी खबरों सहित राज्य में रामनवमी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर हुई बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है–पलामू, लोहरदगा,खूंटी और सिंहभूम सीट के लिए 18 से नामांकन, बढ़ी चुनावी सरगर्मी ।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–रामनवमी के सभी जुलूस की होगी ड्रोन से निगरानी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–झारखंड में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा : चंपाई सोरेन।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–पश्चिमी विक्षोभ से 11 राज्यों में हीटवेव एक हफते आगे खिसकी।

रांची एक्सप्रेस ने अपने पहले पन्न की खबर पर शीर्षक बनायी है– झारखंड में रामनवमी पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई बैठक।

हिन्दुस्तान टाइम्स की शीर्षक है–आरजेडी ने लोकसभा के अपने घोषणा पत्र में एक करोड़ नौकरी देने का किया वादा।

और टाइम्स ऑफ इंडिया की सुर्खी है–ईरान ने इजरायल के पोत पर किया कब्जा, पोत में है 17 भारतीय सवार। शिल्पी/सोनी आरएनयू

*******************